अमर उजाला

पुलिस ने किया अस्सी किलो नकली मावा जब्त

देहरादून ब्यूरो Updated Sun, 25 Feb 2018 11:04 PM IST

गोपेश्वर। होली त्योहार को देखते हुए गोपेश्वर थाना पुलिस ने वाहनों के औचक निरीक्षण के दौरान मैदानी क्षेत्र से ट्रक में सब्जी के साथ सप्लाई हो रहा करीब 80 किलो नकली मावा जब्त किया।
पुलिस अधीक्षक तृप्ति भट्ट के निर्देशन में इन दिनों जिले में वाहनों की चेकिंग चल रही है। गोपेश्वर थाना पुलिस की ओर से भी चमोली-गोपेश्वर मोटर मार्ग पर वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। पुलिस ने मैदानी क्षेत्र से आ रहे सब्जी के ट्रक में अवैध रूप से लाया जा रहा करीब 80 किलो मावा जब्त किया। मौके पर खाद्य निरीक्षक को बुलाकर मावे का परीक्षण किया गया। मावे के सैंपल को जांच के लिए भेज दिया गया। थानाध्यक्ष कुंदन राम ने बताया कि नकली मावा पकड़े जाने पर पांच लाख तक का प्रावधान है। उन्होंने बताया कि नकली मावा नजीबाबाद से गोपेश्वर बेचने के लिए लाया जा रहा था। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष के साथ एसआई पूजा, कांस्टेबल चंदन नगरकोटी और अवतार शामिल थे।

Source: https://www.amarujala.com/dehradun/crime/15195802881-gopeshwar-news